# ई-किसलय

The Voice of CTE Samastipur

12th EDITION

C.T.E.



## अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय समस्तीपुर

## January 2023

Write to us at : ctesbihar@gmail.com

# The Editorial Team

**Patron**



Mr. Sajjan R (IAS)
Director, SCERT, (Bihar)
Director, Research & Training, Bihar Govt.

**Editor-in-Chief**



Mr Tej Narayan Prasad
Principal, CTE, Samastipur

## Executive Editors



**Dr. Shazia Fatma**
Sr. Lecturer (Foundation)



**Dr. Ravindra Kumar**
Lecturer (Social Science)

# Managing Editors



Dr. Anjali Kumari
Lecturer (P.& R.)



Kumari Pallavi
Lecturer (A. & C.)



Dr. Pawan Kr. Singh
Lecturer (P. & R.)



Mr. Brij Bhushan Upadhyay
Lecturer (PHE)



Mrs. Medhavika
Lecturer (Foundation)



Mrs. Moushmi Kumari
Lecturer (Biological Sc.)



Mrs. Dropadi Kumari
Lecturer (Hindi)



Mrs. Rina Singh
Lecturer (Edu. Tech.)



Mrs. Tabassum Nigar
Lecturer (English)



Mr. Sudhir Kumar
Lecturer (Sanskrit)



Mr. Priya Ranjan
Lecturer (Physics)



Mr. Awadh Kishore
Lecturer (Mathematics)



Md. Nadeem Ansari
Lecturer (Social Science)

# Student Editors



Vikram Ranjan
Roll no.-04



Saurabh Konark
Roll no.-88



Tarun Kumar
Roll no.-84



Gunjan Kumari
Roll no.-60

# प्राचार्य की कलम से ✍️



*प्रिय शिक्षक साथी और हमारे प्रशिक्षु,*

*आशा करता हूँ कि आप सभी इस अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, समस्तीपुर से प्रकाशित जनवरी 2023 के 'ई-किसलय पत्रिका का अवलोकन एवं पठन अवश्य करेंगे। हमारे संस्थान से प्रकाशित इस पत्रिका के माध्यम से हमारे प्रशिक्षु छात्र-छात्राएँ अपनी-अपनी रचनाओं से आपको आनंदित करेंगे और हमारे संकाय-सदस्यों के लेख और अन्य रचनाओं के शैक्षिक और शिक्षा-शस्त्रीय विचारों से अवगत होंगे। हम सभी संकाय-सदस्य, प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हैं कि उनके मन-मष्तिष्क में जब अच्छे विचार आते हैं, चाहे वह विचार अपने अंदर के कवि मन का हो, लेखक मन का हो, शिक्षा जगत से जुड़ा हो या मष्तिष्क पटल पर किसी विषय-प्रकरण से जुड़ा चित्र उभरता हो, तो उसे अपनी लेखनी में समेटने और उकेरने का प्रयास करें। इस बार के प्रस्तुत पत्रिका में प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं की सुंदर-सुंदर रचना प्रतिबिंब हुई है। इसमें हमारे संकाय सदस्यों की रचनायें भी शामिल हैं।*

*पत्रिका के माध्यम से हम अपने विचारों को विभिन्न रचनात्मक आयामों में व्यक्त करते हैं। यह एक महत्वपूर्ण मंच है जहाँ हम अपने-अपने विचारों और कौशलों का साझा करते हैं जिससे हम अपना ज्ञानवर्धन करते हैं तथा नए विचारों ज्ञान और कौशलों से नवाचार करने का अवसर प्राप्त करते हैं।*

*मैं बार-बार कहूँगा कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से हम अपने विचारों को पलक झपकते ही अपने संगी-साथी को भेजने में कामयाब होते हैं इसलिए 'ई-किसलय पत्रिका जो हमारे प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों के विचार व कई प्रकार की रचनाओं यथा कहानी, कविता, लेख, चित्र इत्यादि के संकलन के रूप में एक ही साथ व्हाट्सअप और ई-मेल तथा अन्य आई. सी. टी. माध्यमों से आपको प्राप्त हो गया होगा। आपसे अनुरोध है कि उनकी रचनाओं को भावपूर्ण ढंग से एकाग्रता के साथ अवलोकन और पठन करेंगे। अनुरोध है कि आप सभी अपने सम्बंधी प्रबुद्ध जनों और साथियों को व्हाट्सअप और ई-मेल के माध्यम से इस पत्रिका को भेजेंगे।*

*मैं पुनः आशा करता हूँ कि इस पत्रिका में वर्णित विचारों पर प्रतिक्रिया और सृजनात्मकता के प्रति आप अपने सुझाव एवं विचारों को साझा करेंगे ताकि अगले अंक को और भी बेहतर किया जा सके।*

# Dr. Shazia Fatma

## Vice-Principal




**FROM THE VICE –PRINCIPAL'S DESK**

*Dear Readers,*

*Greetings to you all!*

*The beginning of the year 2023 was a wonderful one for us. The month of January was filled with many exuberant memories to cherish. The month was quite a remarkable one, as the very core of our training institution was rekindled through the introduction of in-service teacher training programme. The consecutive series of five days induction training programme was flagged off on $9^{th}$ January. This programme will hopefully continue till last March. It is an absolutely amazing experience to be able to connect with large number of elementary school teachers. It is an opportunity to overhaul the entire elementary school ecosystem and thus make a difference through outcome oriented teaching-learning.*

*The celebration of $73^{rd}$ Republic Day was made a gala one by means of various cultural activities done by the students. The programme was organized very nicely and wonderfully by our trainees and respective mentors. It was for the first time that we started giving away prizes in categories such as "Best Reader" and "Best Student Editors", besides other regular categories. We do hope that this will set a precedence for aligning our students with "Book Reading" thereby instilling in them the traits of a life-long learner.*

*I see CTE, Samastipur as a place where each one of us, be it students or teachers or non teaching staff, belongs to one family. We believe in moving ahead with our hard work and team work .Since we are preparing 21 century teachers, so imparting mere academic skills alone is not sufficient. So, CTEians are trained not only in academic excellence but also in discipline, social responsibility, creativity, sports and most importantly teachers' professional skills, ethics and competencies. Here CTEians are prepared through education, to face the challenges of the new age teaching-learning with confidence and conviction and to be the change agents of the society.*

*Congratulations to the editorial team for the sincere and dedicated efforts to bring new essence to "e-Kislaya". Special word of appreciation to all those who have contributed in different ways to "Kislaya".*

# Editor's Note

## Dr Ravindra Kumar

Dear Readers

**Congratulations to You all for Successful Completion of Wonderful One Year.**

We started with a vision of publishing our own college magazine in the beginning of year 2021. We started working on it very soon and got its draft ready in a few months. It then required some Graphic Designing but none of us then were at home in Graphics Designing, yet we wanted to get it designed and completed in our own college campus by our own resources itself. We conceptualised, struggled, learnt, designed and completed the very first issue of *e-Kislay*, our college magazine, in Oct-Nov 2021 with the help of data entry operators of our college but could got it finally published only in January 2022. From then there is no stopping despite many ups and downs that our college Magazine has seen and shown us too. Then from the next issue, we changed our strategy and got our trainees involved in the publication of the magazine. This truly proved game changer as it solved the problem of Graphic Designing the magazine as some of our trainees were well versed in the art. After the publication of a few issues of the magazine, we made it affairs of the four houses of the trainees to involve more and more trainees in this publication exercise.

From there we have successfully completed one year of publication of e-किसलय, the voice of CTE Samastipur - our monthly college e-magazine with the help of college fraternity and wish to continue it further. Enjoy the 12th Edition of *e-Kislay* at your fingertips, it is once again ready to tickle you with the creativity of our Trainees and Faculty Members. The present edition is the creation of Dinkar Group whose laziness and procrastination delayed its publication by a few days. There are times when the trainees with the requisite skills for graphic designing avoid work and other trainees engaged find it difficult to complete the work. Interpersonal relationships of trainees also affect publication of the magazine. Despite all, it is ready for you, just enjoy it. I would like to extend my thanks to editorial team of Dinkar Group together with all other persons directly or indirectly involved in the publication of *e-Kislay.* Hard Work done in Graphics Designing is also worth appreciation. Thank you very much to you all.

# CONTENTS


| SL NO. | CONTENT | Author | Page no. |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य की कलम से | तेज नारायण प्रसाद | 04 |
| 2 | From Vice Principal’s Desk | Dr. Shazia Fatima | 05 |
| 3 | Editor’s Note | Dr. Ravindra Kumar | 06 |
| 4 | शब्दों को ज़रा ठहरने दो | सुजाता कुमारी | 09 |
| 5 | क्वांटम कम्प्यूटर | Priyanka Kumari | 10 |
| 6 | चाहत | बुलबुल | 11 |
| 7 | Induction Training | Saurabh Konark | 12 |
| 8 | ठंड का पैगाम | सौरभ कोणार्क | 14 |
| 9 | कॉलेजियम प्रणाली | सुमन कुमारी | 15 |
| 10 | डर, हाँ डर | सुजाता कुमारी | 17 |
| 11 | रक्त रंजिश | सौरभ कोणार्क | 18 |
| 12 | रामधारी सिंह दिनकर | तरुण कुमार | 19 |
| 13 | देश प्रेम | नीरज कुमार | 20 |
| 14 | शिक्षक | राजकुमार शर्मा | 21 |
| 15 | World Introvert Day | राजीव कमल | 22 |
| 16 | लड़कियों का जीवन | निधि कुमारी | 24 |
| 17 | Book Review: M.I.A. | Vinod Kumar | 25 |

# CONTENTS


| SL NO. | CONTENT | Author | Page no. |
|---|---|---|---|
| 18 | मेरा वक़्त भी आएगा | राहुल कुमार | 28 |
| 19 | My experience at internship | Atulit Chaudhary | 29 |
| 20 | नववर्ष | तृप्ति शांडिल्य | 30 |
| 21 | My experience at CTES | Shubham Raj | 32 |
| 22 | मेरे दोस्त | Khushboo Kumari | 33 |
| 23 | National Bird Day | Raj Kumar Sharma | 34 |
| 24 | शहीद की शहादत | निधि कुमारी | 35 |
| 25 | स्वामी विवेकानंद: युवा के लिए प्रेरणा | गुंजन कुमारी | 36 |
| 26 | 24 जनवरी: राष्ट्रीय बालिका दिवस | Puja Kumari | 39 |
| 27 | Book Review: बिंदो का लड़का | शशि कुमार | 42 |
| 28 | उपन्यास "बहुरानी" की समीक्षा | गुंजन कुमारी | 43 |
| 29 | INDEPENDENCE DAY CELEBRATION | - | 44 |
| 30 | Art Gallery | - | 46 |
| 31 | Thank You from DINKAR group | Vikram Ranjan | 51 |

# शब्दों को ज़रा ठहरने दो



साँसों की संकरी गलियों से
दबे पांव मुझे गुजरने दो
रंगों के बिसरे आँगन में
शब्दों को जरा ठहरने दो।

दुःख, जख्म, चुभन, अश्क, तपन
भूल ये ग़म संसार के
बिछा दो मन की वीणा पे
गुम कजरी, गीत, मल्हार के
चंदा, तारे, फागुन, सावन
काग़ज पे इन्हें उतरने दो
रंगों के बिसरे आंगन में
शब्दों को जरा ठहरने दो।

कहीं जीवन लौ न बुझ जाए
मेरे आख़िरी पन्ना पढ़ने तक
आंखों का अश्रु पीने दो
निर्वाण की राहें मिलने तक
यादों की रात की रानी पे
किरणें सूरज की पड़ने दो
रंगों के बिसरे आंगन में
शब्दों को जरा ठहरने दो।

तरुण उमर की शोख़ी में
सांची ये प्रीत निभा जाओ
कि समय की चौखट फांद के
तुम पार क्षितिज के आ जाओ
पूरब पश्चिम, उत्तर, दक्षिण
मेरे गीत की ख़ुशबू उड़ने दो
रंगों के बिसरे आंगन में
शब्दों को ज़रा ठहरने दो।

सुजाता कुमारी
क्रमांक 20
2022-24

# क्वांटम कम्प्यूटर के बारे में

कनाडा दुनिया के पहले फोटोनिक आधारित क्वांटम कंप्यूटर का करेगा निर्माण।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने दुनिया के पहले फोटोनिक आधारित, क्वांटम कंप्यूटर के निर्माण और व्यवसायीकरण के लिए एक नए संघीय निवेश की घोषणा की है। 40 मिलियन कनाडाई डॉलर ($ 32 मिलियन ) के निवेश से टोरंटो स्थित कनाडा की क्वांटम कंप्यूटिंग कंपनी **Xanadu quantum Technologies Inc.** क्वांटम कंप्यूटर विकसित करेगी। इसका उपयोग जटिल डाटा समस्याओं को हल करने, वित्त, परिवहन, पर्यावरण, मॉडलिंग और स्वास्थ्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जा सकता है।

**क्वांटम कंप्यूटर**:- क्वांटम कंप्यूटर, कंप्यूटर का एक प्रकार होता है जो किसी सामान्य कंप्यूटर से बहुत अधिक शक्तिशाली व विकसित कार्यप्रणाली पर कार्य करता है। क्वांटम कंप्यूटर भौतिक विज्ञान के क्वांटम सिद्धांत पर कार्य करने वाला कंप्यूटर होता है। जो क्वांटम सिद्धांतों की सहायता से सिस्टम को अत्यधिक तेज कार्य गति प्रदान करते हैं। आज के आधुनिक सुपर कंप्यूटर भी क्वांटम कंप्यूटर के सामने बहुत धीमा होता है । जिन कार्यों को सुपर कंप्यूटर हफ्तों में पूरा करता है। क्वांटम कंप्यूटर इसे सेकेंड्स में ही कर सकता है।

**क्वांटम कंप्यूटर की विशेषताएं—**

1. क्वांटम कंप्यूटर विज्ञान के क्वांटम सिद्धांत पर कार्य करता है।
2. यह कंप्यूटर सुपर कंप्यूटर की तुलना में हजारों गुना तेज होते हैं।
3. इन कंप्यूटर में क्वांटम बिट या क्यूबिट का प्रयोग किया जाता है जो एक साथ 0 और 1 वैल्यू को दिखा सकता है।
4. इस कंप्यूटर को कार्य करने के लिए 0 डिग्री से कम तापमान पर रखा जाता है । क्वांटम बिट का अपना कार्य गुण नहीं खोते हैं।
5. प्रत्येक क्वांटम बिट एक एटम या परमाणु को दर्शाता है।

**क्वांटम कंप्यूटर कैसे काम करता है—**

क्वांटम कंप्यूटर कार्य करने के लिए क्वांटम सिद्धांतों का प्रयोग करते हैं, जो इन्हें अन्य सभी कंप्यूटर से तेज व कार्य सक्षम बनाते हैं। ये कंप्यूटर अपनी क्षमता के अनुसार काफी छोटे आकार के होते हैं। नॉर्मल कंप्यूटर कार्य करने के लिए बायनरी डिजिट का प्रयोग करते हैं जो 2 डाटा वैल्यू ON,OFF या 0,1 को दर्शाता है। वही क्वांटम कंप्यूटर कार्यों को करने के लिए क्यूबिट का प्रयोग करता है जो 2 डाटा वैल्यू 0,1 को एक साथ या अलग-अलग भी दिखा सकता है। आज दुनियाँ के अनेकों बड़ी-बड़ी कंपनियां क्वांटम कंप्यूटर के निर्माण में लगी है । इन कंपनियों में google, IBM,Microsoft, Intel शामिल है। भारत द्वारा भी क्वांटम कंप्यूटर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह कंप्यूटर भारत के विकास व सुरक्षा में बहुत अच्छी भूमिका निभाएगा। साल 2020 में भारत के वित्त मंत्री 'निर्मला सीतारमण' द्वारा क्वांटम कंप्यूटर निर्माण के लिए बजट प्रदान किए गए हैं।

Source – computerhindime.in
Utkarsh classes.

Priyanka Kumari
Roll no. - 02
2022-24

# चाहत

पल-पल पनपती है... सुलगती है
कुछ बनने की, कुछ करने की चाहत
ऐसा कुछ कर  जाऊंगा, बन जाऊंगा
कि बेचैन मन को मिल जाए राहत।

मरूभूमि के तपते रेत पर चलना होगा
चलते - चलते बार-बार जलना होगा
माना तपते रेत पर चलना है बहुत कठिन
यही रास्ता ले जाएगा मंजिल तक एक दिन।

कठिनाईयों से निकलकर आगे बढ़ना होगा
बुलंदियों के साथ कदम मिलाकर चलना होगा
कहीं घनघोर यामिनी होगी तो कहीं सुहावनी चाँदनी होगी
जब चारों ओर निराशा होगी, मन के कोने में आशा होगी।

पूरा करूंगा सपने सारे, वादे सारे
नहीं होने दूंगा अपनों को आहत
ऐसा कुछ कर जाऊंगा, बन जाऊंगा
फिर से जी उठेगी जीने की चाहत।

बुलबुल
क्रमांक-56
2022-24

# नवनियुक्त शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण

वर्ष 2023 की शुरुआत से वर्तमान सरकार शिक्षा के प्रक्षेत्र में क्रांति को लेकर कटिबद्ध दिख रही है जिसकी झलक नवनियुक्त शिक्षकों का पाँच दिवसीय आवासीय प्रारंभिक प्रशिक्षण के रूप में दिखा। सरकार को इस बात का धयान है कि बिहार की सूरत और सीरत बदलने का सबसे प्रभावी माध्यम शिक्षा ही है क्योंकि हमारी भौगोलिक स्थिति इस प्रकार है कि यहां औद्योगिकीकरण की पराकाष्ठा को प्राप्त कर पाना लगभग नामुमकिन ही है।

आज हमारा राज्य बीमारू प्रदेशों में गिना जाता है क्योंकि हमारी आबादी के अनुरूप यहां न तो संसाधन है और न ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा। हमारे लोगों को जीविकोपार्जन हेतु दूसरे राज्यों में प्रवास करना पड़ता है। अपने राज्य के उत्थान का सपना देखने वाले को शिक्षा के रूप में आशा की एकमात्र किरण दिखती है और हमारी सरकार भी कहीं न कहीं इस तथ्य से इत्तेफाक रखती है। शिक्षा को सर्वसुलभ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सभी नवनियुक्त शिक्षकों को प्रारंभिक प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है, इस कड़ी में हमारे अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय समस्तीपुर में भी नवनियुक्त शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करायी गयी है। दिनांक 09/01/2023 से 13/01/2023 तक के पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में नवनियुक्त शिक्षको को सेवाकालीन गतिविधियों को संचालित करने का प्रशिक्षण हमारे संस्थान के विषय विशेषज्ञों के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत वो एक सफल अध्यापक के रूप में समाज के समक्ष आदर्श स्थापित करेंगे। इसी शुभेच्छा के साथ हमारे व्याख्याताओं ने उन्हें विदा किया। उनके मुखमंडल पर प्रशिक्षण उपरांत एक सुखद आभा व्याप्त थी।




सौरभ कोणार्क
क्रमांक — 88
सत्र -2022-24


बिहार सरकार
प्रशिक्षण
नव नियुक्त शिक्षकों का पाँच दिवसीय आवासीय प्रारम्भिक प्रशिक्षण
(INDUCTION TRAINING)
दिनांक – 09.01.2023 से 13.01.2023 तक
C.T.E
समस्तीपुर
स्थल– राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, समस्तीपुर




Shot on OnePlus




अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय
समस्तीपुर

# ठंड का पैगाम

देख रहा हूँ सब तरफ,
छाया घना कोहरा है।
पेट की आग बुझाने,
निकला बटेरों का बेड़ा है।।



हर तरफ ठंड ने जैसे पसारे हैं पांव,
लोगों को जंचने लगे हैं आलू और पुलाव।
हर कोई इस जद्दोजहद में है लीन,
कैसे पाया जा सके अपना खुद का कालीन।।

ठंड का यह अजब है दस्तूर,
लेता है कई जानें बदस्तूर।
इसके प्रकोप से कोई न छूटे,
चाहे वह थे किसी राजा के बेटे।।



ठंड में सिहरन होती है आम,
कुछ को होती है सर्दी जुकाम।
ठंड से हम यह सीखें पाठ
सदा माने बड़ों की हर बात।।



सौरभ कोणार्क
क्रमांक-88
सत्र-2022-24

# भारतीय न्यायपालिका एवं कॉलेजियम प्रणाली

**न्यायपालिका की संरचना-**

भारतीय संविधान में न्यायपालिका लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है जो संविधान के अनुच्छेद 124 सर्वोच्च न्यायालय एवं अनुच्छेद 217 उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की बात करती है।

**आजादी के बाद न्यायालय की संरचना कुछ इस प्रकार थी-**

उच्चतम न्यायालय में एक मुख्य न्यायाधीश और अन्य सात न्यायाधीश होंगे जिसे संसद तय करता था जो समय - समय पर बदलता गया। वर्तमान में एक मुख्य न्यायाधीश और अन्य 33 न्यायाधीश कर दिया गया है।

**न्यायपालिका नियुक्ति की संवैधानिक प्रक्रिया-**

अनुच्छेद 124 मुख्य न्यायाधीश के लिए तीन बात करती है :

1. मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति करेंगे जो व्यवहारत मंत्री परिषद् के परामर्श पर होगी।
2. मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति करेंगे वह उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय की कुछ जजों से परामर्श करेंगे कितने जजों से करेंगे निश्चित यह प्रावधान नहीं है। यहाँ परामर्श बाध्यकारी भी नहीं है।
3. अन्य 33 जजों की नियुक्ति राष्ट्रपति करेंगे जिसमें मुख्य न्यायाधीश की परामर्श की अनिवार्यता है। यहां मुख्य न्यायाधीश से परामर्श अनिवार्य है पर बाध्य नहीं।

भारत में संवैधानिक रूप से जजों की नियुक्ति की शक्ति कार्यपालिका को देता है पर वर्तमान में कॉलेजियम प्रणाली के द्वारा जजों की नियुक्ति होती है, जो संवैधानिक तरीकों से विपरीत हैं अर्थात "जजों की नियुक्ति जज करते हैं" जो कि केवल भारत में होता है।

**कॉलेजियम प्रणाली क्या है?**

एक ऐसी प्रणाली जिसमें सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति या स्थानांतरण होता है। इस प्रणाली में सुप्रीम कोर्ट के लिए कॉलेजियम में 5 सदस्यों के द्वारा जजों की नियुक्ति होती है। इन पाँच सदस्यों में एक मुख्य न्यायाधीश और अन्य चार वरिष्ठतम न्यायधीश होते हैं और हाई कोर्ट के कॉलेजियम में एक भारत के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के 2 वर्ष तक जजों के परामर्श से जज की नियुक्ति होती है।

यहां हाई कोर्ट के न्यायाधीश से भी परामर्श लिया जाएगा और उसका महत्व भी उतना ही अधिक होगा। कॉलेजियम सिस्टम भारतीय संविधान में कहीं भी लिखित नहीं है। फिर भी जजों की नियुक्ति इसके तहत होना एक मुद्दे की बात है।

**कैसे आया कॉलेजियम प्रणाली-**

जजों की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा होती थी जिसे 1950 में प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसमें एक लोकतांत्रिक नियम अपनाया

"वरिष्ठता का नियम" अर्थात वरिष्ठता प्राप्त करने वाले जजों की नियुक्ति राष्ट्रपति के माध्यम से होगा। यह अच्छे तरीके से काम कर रही थी परन्तु यह विवादों में तब आया जब इंदिरा गाँधी की सरकार थी 1973 में जब जजों की वरिष्ठता क्रम इस प्रकार था शेलेट >ग्रोवर>हेगरे>ए एन रे जिसमें चौथे क्रम ए एन रे को जज नियुक्त किया गया जिसका सीधा ताल्लुक राजनीति से था। हम याद करें 1973 के केशवानंद भारती केस तो उपर्युक्त वरिष्ठ 3 जज सरकार के खिलाफ निर्णय सुनाए थे अर्थात केशवानंद भारती केस के समर्थक थे। वरिष्ठता का उल्लंघन होना और सरकार का राजनीतिक हस्तक्षेप से कॉलेजियम के जड़े स्थापित होने लगी।

इस तरह से समय-दर-समय न्यायपालिका का हस्तक्षेप बढ़ने लगा जिसने कॉलेजियम का मजबूत रूप दिया।

कॉलेजियम का बढ़ता स्वरूप-कॉलेजियम प्रणाली एक दिन की उपज नहीं है। इनसे जुड़ी हुई तीन महत्वपूर्ण केस हैं, जो आज विवादों का मुद्दा बना हुआ है। बात करें हम पहली न्यायाधीश मामले 1982 की तो उसमें कहा गया था कि अनुच्छेद 124(ख) के तहत परामर्श का अर्थ सहमति नहीं है। इसका अर्थ केवल विचारों का आदान-प्रदान है। वहीं दूसरा न्यायाधीश मामले 1993 मैं आया, जिसमें न्यायाधीश द्वारा लिए गए फैसले को एकदम उलट दिया अर्थात परामर्श शब्द सहमति में बदल गया जो एक बाध्यकारी भी हो गया।

यहीं से शुरूआत हुई "जजों की नियुक्ति जज के द्वारा"। तीसरा न्यायाधीश मामले 1998 जिसमें परामर्श का अर्थ सहमति है कहा गया तथा सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा कॉलेजियम के सलाह पर की जाएगी।कॉलेजियम प्रणाली में 5 सदस्य एक भारत के मुख्य न्यायाधीश एवं अन्य चार वरिष्ठतम जज।

यदि सम्यक प्रक्रिया (कॉलेजियम के द्वारा बहुमत से लिया जाएगा लेकिन उसमें मुख्य न्यायाधीश की सहमति अनिवार्य होगी) का पालन करके कोई सिफारिश की जाती है तो वह राष्ट्रपति के लिए बाध्यकारी होगी।

**कॉलेजियम प्रणाली की आलोचनाएं-**

यह संविधान की ऐसी व्याख्या पर आधारित है जिसे स्वीकार्य करना कठिन है अमेरिका सहित विश्व के अधिकांश देशों में नियुक्ति की शक्ति एक प्रशासनिक शक्ति मानी जाती है जो कार्यपालिका में निहित है। कॉलेजियम प्रणाली न्यायपालिका को एवं कार्यपालिका को एकदम से अलग कर दी हैं। कॉलेजियम प्रणाली में बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हो रहा है। एक ही परिवार से सात-सात व्यक्ति का जज होना, या अपने सगे संबंधियों को नियुक्त करना, जज की नियुक्ति में भाई -भतीजावाद बहुत हो गई है। इस प्रणाली में कोई आधिकारिक सचिवालय में शामिल नहीं है। इसे एक 'क्लोज डोर अफेयर' के रूप में देखा जाता है। यहां कॉलेजियम की कार्यप्रणाली और निर्णयन प्रक्रिया के बारे में कोई सार्वजनिक सूचना उपलब्ध नहीं होता है, साथ ही महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम है।

इन सभी बातों को लेकर कॉलेजियम हमेशा विवादों में रहा है। बात हम 2014 की करें जिसमें कार्यपालिका की शक्ति न्यायपालिका द्वारा छीन ली गई है उसे वापस लाने की बात और कॉलेजियम के समाप्त करने के बात कही गई थी।

**नियुक्ति प्रणाली में सुधार के प्रयास-**

जस्टिस वेंकट चिलैया की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जस्टिस चिलैया एक निष्पक्ष एवं निर्भीक सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज थे इन्होंने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) गठन का सुझाव दिया।

99वां संविधान संशोधन 2015 द्वारा अनुच्छेद 124a, 124b और 124c जोड़ा गया। नियुक्ति आयोग के गठन का प्रावधान किया गया NJAC 16 सदस्य संस्था होगी जिस की संरचना कुछ इस प्रकार होगी। एक अध्यक्ष जो कि भारत का मुख्य न्यायाधीश होगा और अन्य पाँच सदस्यों में दो सदस्य सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ जज तथा दो ख्याति प्राप्त सदस्य (3 सदस्य समिति मनोनीत करेगी जिसमें शामिल होंगे CJI, भारत का प्रधानमंत्री और लोकसभा में विपक्ष का नेता या सबसे बड़ा विपक्ष दल) और एक भारत का विधि मंत्री।

NJAC की सिफारिश राष्ट्रपति के लिए बाध्यकारी होगी और इसकी सलाह पर राष्ट्रपति सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति करेगी। यह कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच एक नया मोड़ था जहां जजों की नियुक्ति न्यायपालिका से कार्यपालिका में निहित करने की तथा जजों की नियुक्ति में पारदर्शिता लाने की कोशिश की।

**निष्कर्ष-**

कार्यपालिका और न्यायपालिका को शामिल करते हुए जज की नियुक्ति होनी चाहिए। जजों की नियुक्ति उनके सत्य निष्ठा एवं उनकी पिछले कार्य योग्यता को देखते हुए चयन किया जाना चाहिए। इन कार्यों में न्यायपालिका एवं कार्यपालिका का निष्पक्षता रहना चाहिए । इस के लिए सरकार से स्वतंत्र एक आयोग की आवश्यकता हो तो भी उसे होनी चाहिए। जज की नियुक्ति एवं उनके नियुक्ति की सूचना लोगों के पहुँच तक हों क्योंकि यह पद उन्हीं लोगों के विश्वास एवं न्यायकर्ता के पद हैं। और पदों पर नियुक्ति की भागीदारी में महिलाओं, अल्प संख्यकों, अत्यंत पिछड़ा, अनुसूचित जाति, एवं अनुसूचित जनजाति आदि का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

सुमन कुमारी
क्रमांक – 16
2022-24

# डर, हाँ डर

हँसने में बेवकूफ़ समझे जाने का डर है।
रोने में जज़्बाती समझे जाने का डर है।
लोगों से मिलने में रिश्ते जुड़ जाने का डर है।
अपनी भावनाएं प्रकट करने में,
मन की सच्ची बात खुल जाने का डर है।
अपने विचार, अपने सपने लोगों से कहने में,
उनके चुरा लिए जाने का डर है।
किसी को प्रेम करने पर बदले में,
प्रेम न पाने का डर है।
जीने में मरने का डर है।
कोशिश करने में असफलता का डर है।
आशा में निराशा का डर है।
जीवन में ख़तरे न उठाना ही सबसे बड़ा ख़तरा है।
जो ख़तरा नहीं उठाता, वह न तो कुछ करता है,
न कुछ पाता है और न ही कुछ बनता है।
ऐसा व्यक्ति जीवन के दुख-दर्द से तो बच सकता है,
लेकिन वह सीखने, महसूस करने, बदलाव लाने, आगे बढ़ने, प्रेम करने
और जीवन जीने को सीख नहीं पाता है।

सुजाता कुमारी
क्रमांक 20
2022-24

# रक्त रंजिश

आज मन काफी बैचैन है
लोगों की जान का क्या मोल है।
आपसी रंजिश की इस खेल में
आज घायल पड़ा मेरा शेर है।।

गोलियों की तरतराहट से
गूंजा आज समूचा गाँव है।
रक्त से लथपथ, निढाल
आज गाँव का सरदार है।।
गाँव में अफवाहों का,
बाजार बड़ा गर्म है।
हर कोई अपनी ओर
से बाँट रहा सत्य है।।

सुन,जान ले तू सिर्फ़ घायल हुआ मेरा शेर है,
रक्त की पिपासा का खेल यूँ ही नहीं मसहूर है।
अपनी प्राण की रक्षा कर पाना मुश्किल होगा,
जब आखिरी दफा हमारा तुम्हारा सामना होगा।।

सौरभ कोणार्क
क्रमांक -88
2022-24



# रामधारी सिंह दिनकर

23 सितंबर, 1908 को बिहार की पावन धरा ने सिमरिया गांव में अपने एक ऐसे पुत्र को जना जो अपने उन्नत कौशलों के कारण न केवल देश अपितु विदेशों में भी विख्यात हुआ।यह व्यक्ति विशेष कोई और नहीं अपने रामधारी सिंह दिनकर थे। दिनकर बाबू एक सौम्य एवं मृदु भाषी व्यक्ति थे। इन्होंने विभिन्न भाषा यथा हिंदी,संस्कृत, बांग्ला, उर्दू, अंग्रेजी का गहन अध्ययन किया। ये एक प्रसिद्ध कवि,लेखक एवं निबंधकार रहे।इनकी रचनाएं इनके स्पष्ट विचाराधारा एवं राष्ट्रवादी सोच की एक जीवन्त अभिव्यक्ति हैं। दिनकर बाबू अपने आरंभिक जीवन में कविताएं लिखा करते थे किन्तु स्वतंत्रता मिलने के बाद वे गद्य की रचना में अधिक सक्रिय रहे। इस बाबत प्रश्न पूछे जाने पर उन्होंने कहा था कि “सरस्वती की जवानी कविता है और बुढ़ापा दर्शन है।”

शिक्षा के प्रक्षेत्र में काफी दिनों तक विभिन्न रूपों में अपनी सेवा देने के उपरांत उन्होंने राज्यसभा में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। एक बार संसद में राष्ट्रहित के लिए वो नेहरू जी से भी उलझ गए थे मामला भारत चीन युद्ध का था।संसद में इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा था “देखने में देवता सदृश्य लगता है, बंद कमरे में बैठकर गलत हुक्म लिखता है।जिस पापी को गुण नहीं गोत्र प्यारा हो समझो उसी ने हमें मारा है।” इस बात को सुनकर न केवल नेहरू जी वरन पूरा संसद सन्न रह गया था। ऐसे व्यक्तित्व के स्वामी थे हमारे दिनकर बाबू। इन्हें कई पुरस्कार से भी नवाजा गया जो इनके व्यक्तित्व में चार चाँद लगाते हैं। दिनकर बाबू का निधन 24 अप्रैल 1974 को मद्रास में हुआ। दिनकर बाबू भले इस जहाँ से रूखसत हो गये किंतु उनकी रचनाएं आज भी हर भारतवासी में राष्ट्रभावना को उत्तेजित करती है।

तरुण कुमार
क्रमांक -84
2022-24

# देश प्रेम

आज का दिवस है बड़ा मनोरम
हम मना रहे हैं अपना गणतंत्रोत्सव।
आज के दिन हम संप्रभुता को पाएं,
इसकी नीति इसी दिन से अपनाएं।।

देशहित में कितनों ने अपना शीश बलिदान किया
उन माँओं को नमन करें जिन्होंने ऐसा लाल जना।
हँस कर जान गंवा दी जिसने, वो वीरों के सरताज रहें
उनको लेकर हमारे चक्षु अश्रु से भी विरक्त रहें।।

भारत माँ पर प्राण न्यौछावर,
करने को जो तत्पर रहते।
ऐसे वीर जवानों को हम,
चोर और हत्यारे कहते।।
धिक्कार है उन लोगों का जीवन,
जिन्हें बलिदान में दिखता है आडंबर।।।


आज हम सब मिल यह कसम खाएं,
देशहित में खुद को लगाएं।
मानवता का पाठ पढ़ाएं,
हर लोगों में यह अलख जगाएं।।

हर किसी को दिया है सम्मान,
इस दिन का हम करें गुणगान।।

नीरज कुमार
क्रमांक-28
2022-24

# शिक्षक

जब भी धरा पर जन्म लूं शिक्षक ही रहना चाहता,
गलियों में खेलते वर्तमान से भविष्य का ख्वाब सजाता हूँ।
कोरे कागज पर लिखकर उन्हें किताब मैं बनाता हूँ,
'अ' से अनपढ़ से शुरू कर 'ज्ञ' से ज्ञानी तक पहुंचाता हूँ।
घनी अंधेरी दीवारों पर रोशनी का मोहर लगाता हूँ,
माना कि केवल शिक्षक हूँ विद्यार्थी को पढ़ाता हूँ,
मगर चंद्रमा तक जाने का पहले सीढ़ी मै बनाता हूँ।
शिक्षा पर नित नए प्रयोग देख थोड़ा विचलित मैं हो जाता हूँ।
मगर मैं हर सरकारी फरमान को बखूबी निभाता हूँ,
सपना देखने और उन्हें पूरा करने का मार्ग मैं दिखलाता हूँ।
जो शिक्षा देता हूँ सबको पहले आदर्श बनकर दिखाता हूँ,
त्याग देता हूँ इच्छाएं बहुत सी,मगर कभी ना बताता हूँ।
जब भी धरा पर जन्म लूँ शिक्षक ही रहना चाहता हूँ।



राजकुमार शर्मा
क्रमांक 76
2022-24
आभार – बबिता सिंह

# World Introvert Day

After the razzmatazz of holiday season and the new year when everyone is done painting the town red comes January 2, an ideal day far from the maddening crowd to honour introverts by giving them the time and space they require.

World Introvert Day is an international celebration of the unique strengths and gifts of introverts. It is celebrated on the 2nd of January each year and it's dedicated to recognizing the values and contributions that introverts bring to the world. The purpose of World Introvert Day is to create awareness about introversion and celebrate the special qualities of introverted individuals. It is an opportunity for those who identify as introverts, along with friends, family, and colleagues, to come together to show their appreciation for the gifts and talents of introverts.

**Who are introverts?**

An introvert is a person with qualities of a personality type known as introversion.

Introversion" is a term popularized by Swiss psychiatrist Carl Jung and it's used to describe an aspect of personality. Jung define introversion as an "attitude-type characterized by orientation in life through subjective psychic contents"

In a nutshell, introverts are more focused on the internal world of reflection and introspection, rather than the outside world of objects, sensory perception, and action.

Introverts direct their energy inwards. People of this type feel energized by focusing on their inner thoughts. They often draw energy from being alone or engaging in activities that are solitary such as reading a book or meditating. Though they can thrive amidst groups of people, it takes a toll on them emotionally and they prefer to be alone afterward in order to re-energize themselves.

**World Introvert Day: History**

Felicitas Heyne, a well-known German psychologist and the creator of the free e-book "Happily Introverted Ever After," is credited with creating World Introvert Day. Heyne published a blog entry titled "Here's Why We Need a World Introvert Day" on her website "iPersonic" on September 20, 2011. This article served as the catalyst for the inaugural World Introvert Day. She claimed in the article that it was past time for the world to become more cognizant of what makes introverts unique.

Heyne proposed that January 2 be designated as World Introvert Day, a day that introverts all over the world take a collective deep breath after the exhausting holiday marathon that begins with Christmas and ends on New Year's.

**Why is World Introvert Day important ?**

In a world of 'Jo dikhta hai, wo bikta hai', many introverts feel misunderstood or invalidated because our society values extroversion in many ways. In some cases, this means that introverts can feel overlooked or undervalued in both their professional and personal lives. They may also feel that the traits associated with their introversion are seen as inferior.

World Introvert Day provides a much-needed platform to raise awareness and encourage a deeper

understanding of introversion. By celebrating this day, we can create a more inclusive society that

values all personalities regardless of whether they are extroverted or introverted. It's an opportunity

for us to learn more about ourselves and the people around us.

Moreover, there are still some misconceptions about what being an introvert entails. For example, not all introverts are socially awkward or shy. In fact, many introverts are highly capable of engaging in conversations and making meaningful connections with others. And if you are socially awkward or shy, there's nothing inherently wrong with that.

By celebrating World Introvert Day, we can help to correct those misconceptions and learn more about what true introversion looks like. It also gives us a chance to celebrate those who may not fit into society's normalized definition of success. Because success comes in all shapes and sizes. Society typically associates success with being out there in the spotlight. But there are plenty of successful introverts like Albert Einstein, J. K. Rowling, Warren Buffett etc. Who have achieved great things without having to be the centre of attention.

We should embrace the variety of personality traits that are present in the world. By doing so we can build a healthier environment that makes people feel seen, heard, and respected.

**Conclusion:**

By honouring ourselves and others on World Introvert Day, we can start to create a more inclusive society. One that embraces the unique strengths and gifts of all individuals — no matter how introverted or extroverted they may be. Accepting people's differences is the first step. But we need to go further and celebrate our differences. Only then will we be able to create a more inclusive and harmonious world. So on World Introvert Day, take some time to reflect on your unique qualities and those of people around you. Celebrate your introversion and be proud of who you are. Happy World Introvert Day for the 2nd of January!

Rajeev Kamal
Roll No.- 67
2022-24

# लड़कियों का जीवन

लड़कियाँ जीत कर भी हरा दी  जाती है,
माँ होते हुए भी जला दी जाती है।
लड़कियाँ रीढ़ होते हुए भी झुका दी जाती है,
आवाज़ होते हुए भी चुप करा दी जाती है।

लड़कियाँ भरण-पोषण होते हुए भी बेच दी जाती है,
भाग्यवान होते हुए भी त्रासदी रह जाती है।
लड़कियाँ से जुड़ाव होते हुए भी तोड़ दी जाती है,
पढ़ा-लिखा कर भी चार दीवारों में समेट दी जाती है।

लड़कियों के हौसले होते हुए भी उम्मीदें तोड़ दी जाती है,
भविष्य का आधार होते हुए भी वर्त्तमान में जीती रह जाती है।
इतनी समस्याओं में जी रही लड़कियाँ फिर भी इतिहास रच जाती है।

निधि कुमारी
क्रमांक – 83
2022-24

# Book Review: Miracle in the Andes

आज हम एक ऐसी पुस्तक का रिव्यु करने जा रहे हैं जो एक सच्ची घटना को कृतार्थ करता है जिसका नाम है Miracle in the Andes जिसके लेखक Nando Parrado जो खुद उस मिशन के हिस्सा थे और Vince Rouse है।

यह घटना 13 अक्टूबर 1972 की है, जब दक्षिण अमेरिकी देश उरुग्वे की नेशनल रग्बी टीम [OLD CHRISTAINS CLUB] के 19 खिलाड़ी और उसके 21 परिवार जन और सहयोगी, दो पायलट और 3 क्रू मेंबर सहित कुल 45 सदस्य का दल उरुग्वे की राजधानी मोंटीवीडियो के करासू इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उरूग्वे एयरफोर्स के विमान 571 से चिली की राजधानी सेंटियागो के लिए टेक-ऑफ करती है।

क्योंकि विमान को उरूग्वे से चिल्ली जाना था और दोनों देश के बीच में एक देश अर्जेंटीना आती है। तो अर्जेंटीना स्थित दुनिया के सबसे लंबी पर्वत श्रृंखला एंडीज को भी पार करना था जब विमान उरुग्वे से अर्जेंटीना में प्रवेश किया तो मौसम खराब हो गया था। इस लिए विमान के पायलट ने विमान को अर्जेंटीना में ही पास के एक एयरपोर्ट पर लेंडिंग करा दिया। अगली दिन जब मौसम साफ हुआ तो विमान को CO-PILOT HECTOR LAGHURARA ने अर्जेंटीना से सेंटियागो के लिए टेक-ऑफ किया, लेकिन जो आगे आने वाली चुनौती था वह थी एंडीज पर्वत श्रृंखला की ऊँची शिखर जिसे पार करना था। जैसे ही विमान ऐंडीज में प्रवेश किया मौसम का रुख एक बार फिर बदल गया। अब पायलट को कुछ समझ नहीं आ रहा था ना ही कुछ दिखाई दे रहा था। थोड़ी देर बाद CO-PILOT ने सेंटियागो एयरपोर्ट ट्रेफिक कंट्रोल से लैंड करने की अनुमति मांगी पर एयरपोर्ट के रडार में विमान दिखाई ही नहीं दे रहा था। तभी ट्रैफिक कंट्रोल को अंदेशा हो चुका था की बड़ी दुर्घटना होने वाली है। जब यह मदद पायलट के द्वारा मांगी जा रही थी तब फ्लाइट एंडी श्रृंखला के ऊपर ही था जबकि वहां से सैंटियागो लगभग 250 किलोमीटर दूर था पर खराब मौसम के कारण पायलट को लग रहा था कि हम सेंटियागो पहुंच चुके हैं। तो उसने फ्लाइट को 14000 फीट ऊंचाई से 11000 फीट की ऊंचाई पर लाया जैसे ही फ्लाइट को पायलट ने नीचे लाया तभी कुछ ऐसा हुआ कि ना किसी को कुछ समझ आ रहा था और ना ही समझने की स्थिति में कोई था। विमान एंडीज के एक ऊंची चोटी से टकरा गया था और विमान दो भाग में टूट चुका था। पायलट सहित कई लोग तो तत्काल ही मर गए। पर को-पायलट ने अपने चोटिल शरीर का दर्द न सह पाने के कारण खुद को गोली मार ली। विमान के अगले हिस्से में जो लोग बैठे थे वे तत्काल हीं मर चुके थे।

अब विमान के पिछले भाग में जो लोग बैठे थे उनमें से 29 लोग जो होश में थे उन्होंने सभी लोग को किसी तरीका से बाहर निकाला। टीम के साथ के दो डॉक्टरों ने घायलों का इलाज़ शुरू किया। पर समस्या यह थी कि मेडिकल किट में दवा बहुत कम थी और घायलों की संख्या अधिक थी। पर डॉक्टरों ने खुद घायल होने के बावजूद भी हार नहीं मानी और इलाज़ जारी रखा। दवा और खाने की समस्या काफी थी ऊपर से ऐंडीज की ऊंचाई पर बर्फीले तूफान का सामना करना और भी मुश्किल था। खिलाड़ी और परिजन एक-एक करके मर रहे थे।

उधर जब देश में पता चला कि हमारा विमान क्रैश कर चुका है तो आनन-फानन में देश ने खिलाड़ियों को रेस्क्यू करने के लिए रेस्क्यू टीम को 5 विमान के साथ तत्काल रवाना कर दिया पर रेस्क्यू टीम को एंडीज के बर्फीले तूफान में कुछ अता-पता नहीं चल रहा था।

दूसरे दिन 11 विमान को रवाना किया गया पर कुछ पता नहीं लगा। ऐसे करते-करते 7 दिन बीत गए और रेस्क्यू ऑपरेशन बंद करने की बात चलने लगी तो एक और दिन की सहमति मिली आठवें दिन जैसे विमान एंडीज के ऊपर से गुजरी तो खिलाड़ियों ने टूटी हुई विमान के एक भाग पर महिलाओं के सिंगार बॉक्स से लिपस्टिक और नेल पॉलिश निकाल कर उस विमान के पुर्जे पर घस-घस कर लाल किया ताकि लाल रंग रेस्क्यू टीम को किसी तरीके से दिख जाए। पर उस दिन भी रेस्क्यू टीम को कुछ नजर नहीं आया।

इधर रेस्क्यू ऑपरेशन अब बंद हो चुका था तो उधर हर दिन के भांति टीम का मोर्चा कप्तान मार्सेलो ने संभाल रखा था। वह अपने टीम मेंबर को उत्साहित करते रहते थे और डॉक्टरों के साथ



मिलकर तरकीब भी खोजते थे। इसी दौरान जब उन्होंने विमान की जाँच की तो एक ट्रांजिस्टर मिला उन्होंने उसे निकाला और समाचार सुनने लगे तो पाया कि अब रेस्क्यू ऑपरेशन बंद हो चुका है, तब मार्सेलो ने अपने साथी से कहा की हमारे लिए खुशखबरी यह है की अब रेस्क्यू ऑपरेशन बंद हो चुका है और हमें कोई लेने नहीं आएगा। अब जो करना है हमें खुद करना होगा।

खाने की किल्लत काफी बढ़ गई थी। लोग भूख से मरने लगे थे। सबों ने विचार किया कि ऐसे में तो सभी भूख से ही मर जाएंगे तो ऐसा करते हैं कि जीवित रहने के लिए सभी आज से मृत शरीर का माँस खाएंगे चूँकि सब क्रिश्चियन थे तो बहुत झिझक के बाद और कोई साधन ना होने के कारण माँस खाना शुरु कर दिए।

अब 60 दिन बीत चुके थे। डेड बॉडीज भी खत्म होने लगी थी। सभी ने फिर से विचार किया अब जो मरेगा तो अन्य सभी को परमिशन है कि उसकी डेड बॉडी खा सकते है।



अब कुल 16 आदमी जिंदा थे जिनमें से दो Nando Parrado और Roberto ने सभी को मनाया की हम दोनों को बाहर जाने दिया जाए ताकि अगर कोई मिले तो मदद माँगी जा सके।

बहुत मशक्कत के बाद दोनों ने अपने साथियों को मनाया और उत्तर की ओर निकल पड़े। 3 दिन में केवल 4 किलोमीटर ही चले और इन दोनों के खाने का माँस भी खत्म हो चुका था। इधर बर्फ के अलावा कुछ नजर भी नहीं आ रहा था। दोनों ने सोचा कि अगर मर जाएंगे तो साथ मरेंगे और अगर जिंदा रहे तो अपने साथियों के लिए मदद लेकर वापस आयेंगे। उन दोनों ने जब 10 दिन मैं 61 किलोमीटर का सफर तय किया तो उन्होंने दो गाय को एक नदी के किनारे देखा जिससे उनका हौसला बढ़ा और जब वे नदी किनारे गए तो उन्होंने देखा कि नदी के उस पार दो लोग हैं। उनको देखते ही दोनों ने आवाज लगाई लेकिन उनकी उर्जा उतनी नहीं थी कि आवाज़ उस पार जा सके तभी उसने उन दोनों अनजान लोगों के पास बोतल में एक पेपर पर लिख भेजा कि हम उरुग्वे के रग्बी प्लेयर हैं और हमें मदद चाहिए। तो सामने से जवाब आया “Tomorrow”.

अब वे दोनों कल के इंतजार में थे। सुबह हुई तो वहाँ पुलिस आई और उन दोनों को  हॉस्पिटल ले जाया गया। सभी बात पुलिस को बताई गयी तो उसी दिन 3 हेलीकॉप्टर रेस्क्यू के लिए एंडीज के उस चोटी पर पहुँचा जहाँ विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। सभी लोगों को 2 दिनों में रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू पूरा होने तक का दिन जोड़कर कुल 72 दिन लगे और 45 सदस्य में से कुल 16 सदस्य जिंदा बचे थे। उन 16 व्यक्तियों को जब लोगों ने देखा तो मानो “God - God”  कहते नहीं थक रहे थे। जब उसने पूछा कि आप 72 दिन तक खाया क्या करते थे । उन्होंने बताया कि हम अपने ही मृत साथियों का मीट खाया था, लोग उन्हें नरभक्षी कह उनसे नफरत करने लगे । और जब सब ने अपनी पूरी आपबीती बताई तो लोग सब कुछ भूल उन्हें गले  लगा लिए। इसमें सबसे ज्यादा हिम्मती था कैप्टन मार्सेलो और नंदू पराडो जिन्होंने केवल खेल के मैदान में ही कप्तानी नहीं की बल्कि इस दुर्दांत संकट में भी अपनी कप्तानी बखूबी निभाई। इसीलिए कहा जाता है कि अगर लीडरशिप अच्छा हो तो चाहे संकट कैसा भी हो पार किया जा सकता है।

इस घटना पर Alive नाम से Piers Paul ने एक Documentary भी 1974 में प्रदर्शित की है।

विनोद कुमार
क्रमांक: 31
2022-24

# मेरा वक़्त भी आएगा

क्या करूँ इस जीवन में, जिसमें सारा गम भरा है,

मेरे भविष्य का चिंता भी, कोई और लिए खड़ा है,

अपने सपनों को थोपकर, मेरे सपने दबाये रखा है,

क्या करूँ इस जीवन में, जिसमे सारा गम भरा है,

जिस दौर से गुजरकर आये हम, उस दौर से गुजरकर देखो तुम,

शायद तुम्हें महसूस होगा, वो दौर भी कितने जालिम थे,

मेरी खामोशियाँ का फायदा भी, कब तक उठाओगे,

जब वक़्त मेरा आएगा, तुम सब कुछ भुला दोगे,

वक़्त अभी ख़राब है, कल वक़्त मेरा भी आएगा,

सपनों भरी इस दुनिया में भी, मैं अपना नाम लिखवाऊँगा,

शायद पिताजी भी गर्व करे, मैं ऐसा नाम कमाऊँगा,

ताने भरे इस जीवन में भी, मैं खुद को शीर्ष पे पाउँगा ।

राहुल कुमार
क्रमांक - 40
2022-24

# My experience at internship

Hello everyone!! Hope you all are doing well.

I am Atulit Chaudhary a trainee economics teacher.

Since, my Internship is going to end, I would like to share my experience of my 4 months Internship at Trihut Academy.

Although, I have been into teaching for some time, but this time, I faced new challenges that I had never encountered before.

Where to start, What to leave and what to teach?

Since most of the student did not had any prior knowledge of economics, It was a tedious task to build some base to start upon, and shortage of time made it more difficult, plus too many books to teach made it a bit challenging.

The Bihar Board had recently adopted a new curriculum that emphasized a more hands-on approach to learning, with a focus on real-world examples and case studies. This was a major shift from the traditional lecture-based approach which I had been used to, and found it difficult to adapt.

I struggled to come up with engaging activities and projects that would bring the material to life for my students. I found myself relying on the same tired examples and exercises, and I could see that my students were becoming disengaged.

I knew that I needed to change my approach, but didn't know where to start. I reached out to colleagues for advice, but they were just as lost as I was. I spent hours scouring the internet for new ideas and resources, but nothing seemed to fit my specific needs. Feeling discouraged, I decided to reached out to one of my former professor who used to teach me Economics in college. I asked for advice on how to make the subject more interesting and engaging for my current students. My professor was more then happy to help and provided me with a wealth of resources and new approaches.

One of the approach, I used many times after that was Role-playing: I used to assign students roles in economic scenarios, such as business owners or government officials, and help them understand the decision-making process and consequences of economic actions.

I also started to incorporate current events and news related to economics, this helped my students to understand the relevance of the subject in the everyday world.

I also assigned group projects where students were required to research and present on a specific economic topic, such as income inequality or the impact of technology on the labor market. These projects fostered teamwork and critical thinking skills. To my surprise, I noticed that my students were more engaged and motivated than ever before. They were eager to participate in class discussions and debates, and they were better able to understand and apply the economic concepts they were learning. With my new understanding of the subject and a renewed sense of purpose, I was able to re-engage my students and make economics come alive in the classroom. I learned that sometimes the best way to overcome a challenge is to ask for help.

Atulit Chaudhary
Roll no. -32
2021-23

# नववर्ष

नए वर्ष की नई हवाएं,
नई उम्मीदें नई दिशाएं,
नए वर्ष का उगता सूरज,
सबको ही नई राह दिखाए,
सबको मिले प्रेम की छाया और सभी सुख सुविधाएं,
बाधाओं से मुक्त राह हो और न हो विपदाएं,
होठों पे मुस्कान खिले न नीर नैन बरसाए,
खुशियों के मनवांछित फल से घर आंगन भर जाए,
ख्वाब अधूरे पूरे हों, हो पूर्ण सारी इच्छाएं,
प्रगति की किरणों से रौशन, दमके दसों दिशाएं।




तृप्ति शांडिल्य
क्रमांक 72
2022-24

# My experience at CTES

Hello everyone! This is Shubham Raj.

It has been 3-4 months since I have been the member of the CTES.

CTES is not a college /institution for me, rather it's another world. It's not exaggeration. My school and college life were so boring, I had very few friends, interacted with few teachers hardly anybody recognized me in my school, just because of my reserved nature. I always wished to go back in time and change it. Here at CTES I felt like I was connected to everyone that's why it was dream place for me.

**CTES journey: -**

It started when on the very 1st day during my document verification. Shazia ma'am and Ravindra sir were there. This journey started with some trepidation that faculties are very strict here. I had a conversation with Ravindra sir about hostel. Although I am native of Samastipur, I found it useful for me. I participated in every events of college like - rangoli, sketch, board art, sports, youth festival, planting, Children's day and many more.

I tried my best to attend every class and attend class of almost every faculty like:

RAVINDRA SIR: - In Chetna Satra, seriously sir after that session, I started to get aware of my surrounding "CHETNA JAGA". I think you will be happy, because you always motivate us to improve our writing skill. Your word "EK PANNA ROJ LIKHANE KI AADAT DAL LO BABU" I will never forget once Anjali ma'am said some word about your supportive nature and also heard from some seniors but actually witnessed by the time. Your serene nature, handling any situation effortlessly, coolness is something I want to adopt in my personality. Sometimes you look so cool that we discuss "SIR KO HIMALAYA PE HONA CHAHIYE".

SHAZIYA MA'AM: - Ma'am your initiative to discuss editorial during "Chetna Satra" helped me very much, improving vocab and also speaking skill on the orientation day I was astonished after your articulative speech. Ma'am joining your class was always interesting. But I remember one day you took class post lunch and everybody was quite quiescent. It was just post lunch effect 'BEHARHAL AAGE BADHATE HAI'.

ANJALI MA'AM: - #smile_ma'am #assignment_wali_ma'am

Ma'am your smiley face always makes friendly environment in the class room. It was something that helped us involving efficiently.

We kept on enjoying whole slide, but when the very last slide came. We were like Nooooo…! Though for this subject, I wrote only one "hand-written" assignment and that was yours R N. It was 1:31 AM, my "ID" wanted to sleep but "EGO" was saying No.

PALLAVI MA'AM: - I remembered you helped me drawing sketch on the art board. Although, I didn't know painting and drawing very much. When I came in the art room, you gave some new ideas that helped me to gain my interest, and in the classroom how you encouraged all the students who needed special attention.

NADEEM SIR, MAUSAMI MA'AM, PAWAN SIR, DRAUPADI MA'AM, AWADH SIR, UPADHYAY SIR & PRIYARANJAN SIR, even if they are not concerned with my pedagogical subject but yet I attended.

TABASSUM MA'AM: - My pedagogical teacher, so serene and soft spoken.

SUDHIR SIR & REENA MA'AM: - 1ST DAY you were like very strict, very next day also witnessed your motherly nature like caring and all. Oh! How can I forget TEJ SIR, Principal sir, because you gave very less time to us. There is problem to build schema accordingly but all of your classes were motivating.

Now it's about my friends I wish all good luck to all, do best in future. From here many will join Railways, SSC, Banking & Civil services and the most fortunate, who will be bestowed with the opportunity of becoming a teacher at KVS, NVS, and many more.

To my peers Vinod, Niraj, Lovely, Shubhangi, Pradeep, Nandu, Mani, Gunjan and all my friends- I will miss you all. Now it's time to say Good Bye. As I got selected in Income Tax Department. I always wanted to become an Income Tax Department officer, for that I am still preparing, so I decided to join, because it will be helpful for me.

At last,

"ZINDAGI KI ASLI UDAN BAKI HAI.

MANJIL KE KAI IMTIHAN BAKI HAI.

ABHI TO NAPI HAI DO GAJ JAMIN HAMNE.

ABHI TO PURA ASMAN BAKI HAI."

Shubham Raj
Roll no. - 35
2022-24

# मेरे दोस्त

"Friendship is born at the moment, when one says to another, what! You too? I thought I was the only one.."— C. S Lewis.

सच में जब हमारी आदतें मिलने लगती है न,
हमारे बीच दोस्ती पैदा होने लगती है।
मुझे सारे बाकी रिश्तों से नफरत हो जाती है कभी कभी,
जब वो अपनी उम्मीदें मुझपर थोपते हैं।
सिर्फ दोस्ती के रिश्ते में, बेवजह प्यार मिलता है।
जिंदगी मे आगे बढ़ते हुए, यूँ ही कुछ दोस्त टकरा जाते हैं,
फिर वो हमारे जिंदगी बन जाते हैं।
मै जब भी जिंदगी में, खुशी के पलों को याद करती हूँ तो,
मुझे अपने दोस्तों के चेहरे याद आते हैं।
मुसीबत मे जब साथ ढूँढ़ती हूँ तो,
दोस्त का हाथ नजर आता है।
मुझे सुनने वाला है ही कौन?
तब मुझे दोस्त का ख्याल आता है।
मुझे मेरे दोस्त मे सबसे ज्यादा यही पसंद है,
वो मुझे judge नही करते कभी,
मैं जैसी हूँ मुझे वैसे ही अपनाते हैं।
सवाल जवाब वाली formality दुनिया करती है,
वो मेरा चेहरा पढ़ना जानते हैं।
बाकी सारी दुनिया एक तरफ लगती हैं,
और दोस्त के साथ टहलना एक तरफ।
"Real friends are forever..“

Khushboo Kumari
Roll no. - 12
2022-24

# National Bird Day

**National Bird Day has been observed every year on January 5 ever since its first celebration in 2002.**

**This date was chosen specifically because the annual “Christmas Bird Count” takes place on January 5 too. This annual citizen survey has taken place in the USA for quite a time now.**

**It is estimated that almost 1200 bird species will be lost forever by extinction by the end of this century. It has become very important that we begin raising awareness about the threats birds face by illegal trading, climate change and diseases.**

**All the living creatures present on our planet, birds are the most magnificent ones. They are vibrant ones, bustling with melodious music and lively colours. National Bird Day is celebrated because we have used birds for their feathers, as pets, and even as food.**

**Birds do so much more than fly around singing their songs. They are sentinel species that serve as the barometer of ecosystem health and alert us about global environmental ills. They are crucial for our environment, and the only way to prevent their extinction and assure their survival is to educate the public about ways to help them and raise awareness about the need for conservation.**

Raj Kumar Sharma
Roll no. – 76
2022-24

# शहीद की शहादत

हर कयामत में सलामत रखना,
उनकी आत्मा और आबरू को,
तिरंगे में लिपटी हर वीर की,
गुलाबों सी महकती रूह को,

माँ की दूध के मान को,
पिता के कर्म के अभिमान को,
"जय हिन्द" से गूँजते हर शाम को,
देश हित में बलिदान हुए हर नाम को,

रोज याद करना उनके अफ़सानों को,
और अपनी यादों में जोड़ना उनके अरमानों को,
हर कीमत में सलामत रखना,
उनकी नाम और ईमान को,

बिखेर कर गुलाब की खुशबू चमन को चूम लेती है,
लहर हसरत तिरंगे की गगन को चूम लेती है,
सिपाही जब निकालता है वतन पर जान देने को,
वतन की धूल उड़ उड़कर बदन को चूम लेती है।

निधि कुमारी
क्रमांक – 83
2022-24

# स्वामी विवेकानंद: युवा के लिए प्रेरणा

हमारे हिन्दुस्तान के वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली अध्यात्मिक गुरु 'स्वामी विवेकानंद' जिनका जन्म 12 जनवरी 1863 ई0 को कालकत्ता मैं हुआ था। उनका वास्तविक नाम 'नरेन्द्र नाथ दत्त' था। एक कुलीन, बंगाली परिवार में जन्मे विवेकानंद काफी अध्यात्मिकता की ओर झुके हुए थे। भारत का आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदान्त दर्शन अमेरिका और यूरोप के हर एक देश में स्वामी विवेकानंद के कारण ही पहुँचा ।

उन्होंने अपने गुरू 'रामकृष्ण परमहंस' से सीखा कि सारे जीवों में स्वयं परमात्मा का ही अस्तित्व है, इसलिए मानव जाति दूसरे जरूरत मंदों की मदद करता है। उन्होंने अपने गुरू से बहुत कुछ सीखा था तथा उनका बहुत सम्मान करते थे, इसलिए अपने गुरू के नाम पर उन्होंने 'राम कृष्ण मिशन' की स्थापना की जो आज भी लोगों के कल्याण का काम कर रही है। चूँकि स्वामी विवेकानंद की मृत्यु 39 वर्ष की अल्प आयु में ही हो गई थी, फिर भी इनका पूरा जीवन कई महान कृत्यों से भरा हुआ है। उन्होने बहुत कुछ हासिल कर लिया था इतनी सी उम्र में ही। जैसे अमेरिका स्थित शिकागो में सन् 1893 ई0 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया। जिसने सनातन धर्म को पूरी दुनिया में पहचान दिलवाया।

वे केवल एक संत ही नहीं महान देशभक्त, वक्ता, विचारक, लेखक और मानव-प्रेमी भी थे। महात्मा गांधी के आजादी की लड़ाई में जो जन समर्थन मिला, वह विवेकानंद जी के आह्वान का ही फल था। अमेरिका से लौटकर उन्होंने देशवासियों का आह्वान करते हुए कहा था-

नया भारत निकल पडे

मोची की दुकान से

भड़भूजे के भाड़ से, कारखाने से हाट से,

बाजार से, निकल पडे झाड़ियों, जंगलों,

पहाड़ों, पर्वतों से।

और जनता ने स्वामी की पुकार का उत्तर दिया तथा गर्व के साथ निकल पड़े आजादी की लड़ाई में।

**शिक्षा में योगदान -**

स्वामी विवेकानंद मैकाले द्वारा प्रतिपादित और उस समय प्रचलित अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था के विरोधी थे, क्योंकि इस शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ बाबूओं की संख्या बढ़ाना था। वह ऐसी शिक्षा चाहते थे, जिससे बालक का सर्वांगीण विकास हो सके। बालक की शिक्षा का उद्देश्य उसको आत्मनिर्भर बनाकर अपने पैरों पर खड़ा करना है।

अत: स्वामी विवेकानंद का सारा जीवन अपने देश के उत्थान और समाज सुधार के कार्य में बीता तथा युवाओं को सही राह दिखाने तथा उनके जीवन को सँवारने में निकल गया। यूँ तो हमारे देश में कई महान व्यक्तियों ने जन्म लिया है, परंतु विवेकानंद जी ने अपनी युवावस्था में ही बहुत कुछ हासिल कर युवा के लिए एक मिशाल बन गए। 'युवावस्था' जिसमें कुछ कर गुजरने की क्षमता होती है, कुछ पाने का जज्बा होता है। विवेकानंद जी ने इसी बात को अपने कृत्य से साबित किया, इसलिए शायद उनके जन्म दिवस पर अंतरराष्ट्रीय युवा संघ ने, 1984 ई0 से 12 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस घोषित कर दिया। तब से ही हम इस तिथि को युवा दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं।

हमारे महाविद्यालय CTE समस्तीपुर में भी इस दिवस को बहुत ही आनंद और उल्लास के साथ 12 जनवरी 2023 को मनाया गया । जिसमें मेरे कई सहपाठियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा इस महान व्यक्तित्व के जीवन की व्याख्या सभी ने अपने- अपने शब्दों में किया। संपूर्ण कार्यक्रम पल्लवी-मैम, रीना-मैम, द्रौपदी-मैम, की उपस्थिति में हुआ था। जिसमें गुंजन श्रीवास्तव ने अपने धाराप्रवाह भाषण से सबको अपनी ओर ध्यान मुग्ध कर लिया, तरुण ने अपनी प्यारी सी कविता से विवेकानंद जी को संबोधित किया। नंदन ईशर ने उनके सम्पूर्ण जीवन को अपने शब्दों में बयां किया। ब्रजेश, चंचल, अंजुमन ने उनके जीवन के कई प्रेरित कथाओं, घटनाओं को बताकर हमें उनके बारे में अधिक जानकारी साझा की। रंजन, केशव ने उनके कई प्रेरित करने वाले उपदेशों को बताकर हमें भी अपने जीवन में साकारात्मक रूप से बढ़ने के लिए प्रेरित किया ।

हमारी शिक्षक/शिक्षिकाओं ने इस कार्यक्रम में वैसे सभी बच्चों को भी बोलने के लिए मौका दिया तथा उन्हें प्रोत्साहित किया जो कई बार भीड़ के सामने जाने से हिचकते है, बोलने में घबराते हैं। हमारे युवा दिवस के उत्सव का यह सबसे उत्कृष्ट भाग था। जहाँ हर किसी में बोलने की कला, नेतृत्व की कला को जागृत करने तथा उसे प्रोत्साहित कर स्वामी विवेकानंद जैसे भावना वाले व्यक्तित्व का निर्माण करने का प्रयास हमारे महाविद्यालय के शिक्षक हमारे लिए कर रहे थे।

लगभग सभी विद्यार्थियों द्वारा कुछ न कुछ प्रस्तुत कर काफी आनंद के साथ हमने 'युवा दिवस' मनाया, जो लगभग दो से ढ़ाई घंटे तक चला और हमने एक-दूसरे से स्वामी विवेकानंद जी के बारे में जितनी जानकारी थी सबको आपस में साझा किया।

अब अंत में स्वामी विवेकानंद जी के कुछ उपदेशों को लिख रही हूँ, जो हमारे सहपाठियों द्वारा कक्षा में प्रस्तुत किया गया तथा जो हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए सदा प्रेरित करता रहा है...

1 "उठो, जागो और तब तक नहीं रुको

जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।"

2. "सत्य को हजार तरीकों से बताया सकता है,

फिर भी वह एक ही सत्य होगा।"

3. "विश्व एक विशाल. व्यायामशाला है, जहाँ हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं।"

4. "शक्ति जीवन है, निर्बलता मृत्यु है।

विस्तार जीवन है, संकुचन मृत्यु है।

प्रेम जीवन है, द्वेष मृत्यु है।"

5. "जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते तब तक आप भगवान पर विश्वास नहीं कर सकते।"

गुंजन कुमारी
क्रमांक – 60
2022-24

# 24 जनवरी: राष्ट्रीय बालिका दिवस

बेटियां परिवार का वह महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिनके बिना धरती पर जीवन के अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती है । भारत देश में लड़कियों को बोझ और परिवार का अभिशाप माना जाता है, जिसके कारण कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा फैली हुई है। बात केवल आज के परिदृश्य की नहीं है ,सदियों से लड़कियां समाज के कुप्रथाओं का शिकार होती रही हैं। पहले लड़कियों के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य,पोषण के आधार पर भेदभाव किया जाता था। साथ ही उन्हें कम उम्र में शादी, घर से बाहर निकलने की मनाही एवं मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जाता था। हमारे देश में जहाँ एक ओर नारी शक्ति को पूजा जाता है ,वहीं दूसरी ओर समाज में लड़कियों की स्थिति बहुत ही दयनीय है, उन्हें समाज में अभिशाप के रूप में माना जाता है ।

भारत सरकार ने समाज में फैली बालिकाओं के प्रति अवधारणाओं को बदलने के लिए तथा बालिकाओं को समाज में समान दर्जा देने के लिए कई कदम उठाए हैं जिनमें से एक राष्ट्रीय बालिका दिवस को मनाना है।

लड़कियों के अधिकारों के बारे में जन जागरूकता को बढ़ावा देने में राष्ट्रीय बालिका दिवस का बहुत महत्व है। हर साल राष्ट्रीय बालिका दिवस के सम्मान में सरकार द्वारा समर्पित विषयों की घोषणा की जाती है और इसका उद्देश्य भारत में बालिकाओं के सामने आने वाले मुद्दों और चुनौतियों को उजागर करना और उनके अधिकारों को बढ़ावा देना है।

- राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है।
- महिला एवं बाल विकास मंत्री रेणुका चौधरी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की नींव रखी।
- यह दिवस पहली बार 24 जनवरी 2008 को मनाया गया था।
- राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य लड़कियों के अधिकारों के लिए जागरूकता फैलाना है।
- यह दिन लड़कियों की शिक्षा प्राप्त करने की स्वतंत्रता को बढ़ावा देता है।
- यह दिन लड़कियों के स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देता है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस का इतिहास

राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में अवलोकन शुरू किया गया था। स्वर्गीय इंदिरा गांधी 24 जनवरी 1966 को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। यही वजह है कि सरकार ने इस खास दिन को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने के लिए चुना।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने के उद्देश्य

- लैंगिक समानता को बढ़ावा देना।
- महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना।
- लड़कियों को बेहतर भविष्य देना है।

- लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के समान अधिकार प्रदान करना।
- महिलाओं को किसी भी तरह के उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करना।
- किसी भी हिंसा के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए लड़कियों को स्वतंत्रता प्रदान करना।
- बाल विवाह को रोकना।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस का महत्व

- समानता लाने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस बहुत महत्वपूर्ण है। इस वजह से, कई क्षेत्रों में लड़कियों को अब जल्दी शादी करने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है। हिंसा के किसी भी मामले में लड़कियों को अपनी आवाज उठाने का अधिकार है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस 2023 की थीम

- 2022 के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस की थीम "उज्ज्वल कल के लिए लड़कियों का सशक्तिकरण " थी। निश्चित रूप से लड़कियों को न केवल अपनी छिपी हुई प्रतिभा को दिखाने का बल्कि पूरी आजादी के साथ अपना जीवन जीने का अवसर देना चाहिए।लेकिन इस बार भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय बालिका दिवस 2023 के लिए किसी भी विषय की घोषणा नहीं की है। हालांकि, राष्ट्रीय बालिका दिवस 2023 का नारा है " डिजिटल पीढ़ी, हमारी पीढ़ी "।

### भारत में महिलाओं के लिए संवैधानिक अधिकार क्या हैं?

- राष्ट्रीय बालिका दिवस ने महिलाओं को उनके महत्व को जानने में मदद की। अब वे जानती हैं कि महिलाओं के लिए कई संवैधानिक अधिकार हैं:
- अनुच्छेद 14 - कानून के समक्ष समानता का मौलिक अधिकार
- अनुच्छेद 15 - जाति, धर्म, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध
- अनुच्छेद 16 - सार्वजनिक रोजगार के मामलों में अवसर की समानता
- अनुच्छेद 19 - भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और किसी भी पेशे को अपनाने की स्वतंत्रता
- अनुच्छेद 21 - प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण
- अनुच्छेद 21 - निजता का अधिकार
- अनुच्छेद 300-ए – संपत्ति का अधिकार

## राष्ट्रीय बालिका दिवस 2023 पर कुछ भावनाएं

- इस राष्ट्रीय बालिका दिवस पर लड़कियों को उड़ने के लिए पंख दो, रोने और मरने का दर्द नहीं।
- लड़कियों के बिना दुनियाँ उतनी ही असंभव है, जितनी पानी के बिना दुनियाँ।
- एक लड़की एक दोस्त है, एक माँ है, एक पत्नी है, एक बेटी है। जब आप एक बच्ची को मारते हैं तो आप पूरी पीढ़ी को मार देते हैं।
- सच्चे मंत्रों का जाप कर कन्याओं के प्रति विचारों में पवित्रता लाएं।
- सर्वोच्च शक्ति की शरण में ही सुरक्षित रहेंगी बेटियां।
- एक लड़की को बचाना पीढ़ियों को बचाना है।
- "हम कभी सफल नहीं हो सकते जब हम में से आधे को रोक दिया जाता है। हम दुनियाँ भर में अपनी बहनों का आह्वान करते हैं कि वे बहादुर बनें - अपने भीतर की ताकत को गले लगाने और अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने के लिए।" - मलाल यौसफ्जई
- एक बच्ची अपनी पवित्र मुस्कान से घर को रोशन करती है,
- वो ही है जो जिंदगी जीना सिखाती है,
- वह सबसे पवित्र आत्मा है जो परिवार के हर सदस्य को प्यार करती है,
- हम सब उसके भविष्य को उज्ज्वल बनाएं जो हर घर को अपने निःस्वार्थ प्रेम और उज्ज्वल प्रकाश से भर देती है।

पूजा कुमारी
क्रमांक: 36
2022-24

# बिंदो का लड़का
## Book Review

'बिंदो का लड़का' शरतचंद्र उपाध्याय द्वारा लिखित एक उपन्यास है। ये उपन्यास एक नही बल्कि तीन कहानियों का संकलन है।

1. बिंदो का लड़का

2. काशीनाथ

3. बोझ

इन कहानियों के जरिये शरतचन्द्र उपाध्याय ये स्पष्ट करना चाहते हैं कि कैसे

आपसी तालमेल नहीं होने के कारण परिवार बिखड़ जाता है

या फिर अपनी गलती न स्वीकारने की कारण परिवार टूट जाता है।

काशीनाथ और उनकी पत्नी कमला के बीच आपकी संबंध ठीक नहीं रहने के कारण, एक दूसरे के भावनाओं को नही समझ पाने एवं प्रियनाथ(काशीनाथ के ससुर) के द्वारा काशीनाथ को ससुराल में कैद कर के रखना इन सभी कारणों के वजह से काशीनाथ विवाह के पश्चात भी वह पहले की तरह ही किताबों में लीन रहता था यहाँ तक कि वो कमला से भी संवाद नहीं करता था। और इसका दुष्परिणाम ये आया कि अंत तक दोनों का संबंध मन-मुटाव में ही गुजरा।

बिंदो का लड़का शीर्षक में भी अन्नपूर्णा और बिंदो(बिंदवासिनी) के बीच आपसी मन मुटाव को दिखाया गया है यु कहे तो दोनों सौतेले जेठानी-देवरानी थे परन्तु दोनों में जो तालमेल था वो सगे से भी बढ़ के था। बिंदो का अपना लड़का नही होने पर अन्नपूर्णा ने अपना लड़का उसे सौंप दिया था और दोनों खुशी खुशी रहते थे। लेकिन कहते हैं न कि गुस्सा एक ऐसी चीज़ है जो किसी भी रिश्ते में दरारें बना देती है। और हुआ भी यही गुस्से ने अपना प्रकोप दिखाया और जेठानी-देवरानी में दरार पड़ गया लेकिन बिंदो के बीमार पड़ने पर दोनों पुनः साथ हो गए।

यदि बिंदो पहले ही अपनी गलती स्वीकार कर लेती और अन्नपूर्णा गुस्से में प्रण न ली होती तो इतना कुछ होता ही नहीं।

शशि कुमार
क्रमांक – 98
2022-24

# उपन्यास "बहुरानी" की समीक्षा

मानवीय सभ्यता के इतिहास में कुछ ऐसी प्रतिभाएं भी होती है, जिन्हे देशकाल की सीमाएं बाँध नहीं पाती। ऐसी प्रतिभाओं में से ही एक थे हमारे रवीन्द्र नाथ टैगोर । वे एक अच्छे कवि, कथाकार, उपन्यासकार, नाटककार, निबंधकार और चित्रकार थे। उनकी प्रसिद्ध कृतियों में से कुछ इस प्रकार है- 'कड़ि ओ कोमल' 'प्रभात संगीत', छबि ओगान', 'नैवेद्य', 'गीतांजलि' (कविता), 'जीवनस्मृति, 'करुणा', 'गोरा', 'बहुरानी'(अन्य "बाल्मीकि प्रतिभा'(नाटक)) |

इन सब में 'बहुरानी' उनकी अनोखी तथा पारिवारिक कहानी है, जिसे गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की 125वीं जयन्ती के अवसर पर 'हिन्दी' भाषा में प्रकाशित किया गया था। इस कहानी में 'यशोहर' के राजकुमार 'उदयादित्य' अपनी पत्नी 'सूरमा', पिता (राजा) 'प्रतापदित्य माता और बहन 'विभा' के साथ रहते हैं। पूरी कहानी 'उदयादित्य' के इर्द- गिर्द घूमती है जो अपने आपको 'यशोहर' का योग्य शासक नहीं मानते हैं, क्योंकि वो अपने पिता 'प्रतापादित्य' की तरह कठोर फैसला नहीं देते हैं, अपना रवैया प्रजा के प्रति नम्र रखते हैं। इस पर प्रतापादित्य भी उन्हें कई बार भला-बुरा कह जाते हैं और उसके अयोग्य होने का कारण 'सूरमा' को ठहराते हैं। इन्ही सब परेशानियों के साथ जैसे - तैसे उदयादित्य का जीवन 'यशोहर' में कटता जा रहा है, परंतु उनके कृत्य की सराहना करने वाले भी कुछ लोग है उनके जीवन में, जैसे कि दादा साहब 'बसंतराय' (रायगढ़ के राजा), बहन 'विभा' तथा पत्नी 'सूरमा'।

चूँकि दादा साहब ने युद्ध नीति तथा राज्य विस्तार नीति को त्याग कर मुगलों की अधीनता स्वीकार कर लिया है, इसलिए उनके भतीजे प्रतापादित्य उन्हें बिलकुल पसंद नहीं करते हैं। उनसे इतनी नफरत करते हैं कि, अपने बेटे के नाकाम शासक होने का जिम्मेदार इन्हें भी मानते हैं और गुस्से में इन्हें मारने के लिए दो पठान को भी भेजा था, परंतु उदयादित्य को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने किसी तरह अपने दादा साहब की जान बचाई।

अब बारी है बहन विभा की, जो कि विवाहित है चंद्रद्वीप के राजा रामचंद्रराय के साथ। चंद्रद्वीप एक छोटा सा राज्य है यशोहर की तरह समृद्ध नहीं है, इसलिए प्रतापादित्य अपने दामाद रामचंद्रराय का भी सम्मान नहीं करते । कई बार उन्होंने रामचंद्रराय को यशोहर बुलाकर उसकी बेज्जती भी की है और विभा को ससुराल विदा भी नहीं किया है। विभा एक बहुत ही खुबसूरत, शांत,समझदार और शर्मीली स्वभाव की लड़की है जो अपने पति के पास ससुराल जाने की इच्छा तो रखती है, परंतु ये बात किसी से कह नहीं पाती। यहाँ तक कि अपनी रानी माँ से भी नहीं। लेकिन पूरे यशोहर में एक उसकी अच्छी सहेली है 'सूरमा' जिसे वो अपने मन की सारी बात बताती है। सूरमा भी अपने मान-अपमान की सारी दु:ख-पीड़ा अपने पति उदयादित्य' तथा ननद 'विभा' से ही बताती है।

मेरे प्यारे पाठक मैं "बहुरानी" के सारे किरदार की आधुरी जिंदगी को यहीं छोड़े जाती हूँ और साथ में छोड़े जाती हूँ कुछ सवाल जिसका जवाब आपको उपन्यास पढ़ने के बाद ही मिलेगा। जैसे - क्या उदयादित्य को उसके पिता के झूठे शान भरी जिंदगी से छूटकारा मिलेगा? क्या 'बसंतराय' 'प्रतापादित्य' के क्रूर नफरत से जीवित बच पायेंगे? क्या विभा, कभी अपने पति रामचंद्रराय के राज्य की 'बहुरानी' बन पायेगी ?

धन्यवाद !

गुंजन कुमारी
क्रमांक-60
2022-24

# Republic Day Celebrations














Flag Hoisting

# Prize Distribution

















# Art gallery












**Shobha Kumari**
**Roll-07**
**2022-24**









**Shobha kumari**
**Roll-07**
**2022-24**






Sumit Kumar
Roll no. 95
2022-24






Chanchal Kumari
Roll no. 06
2022-24




Suman Kumari
Roll no. - 16
2022-24







Khushboo Kumari
Roll no. - 12
2022-24




Subhangi Bhushan
Roll no. - 81
2022-24









Vishal Kumar Pandey
Roll no. - 44
2022-24

# HAPPY NEW YEAR 2023

Though we have delayed in publishing this month's magazine due to some unavoidable circumstances but we did our best at the last moment to complete it and edit it providing our best effort.






Vikram Ranjan
Roll No :- 04
2022-24

## Thank you from Dinkar Group